तापमान
अधिकतम 22.7 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 27 दिसंबर 2023

11 डीसी ने पुरखास की पीएचसी का किया ...

12 राजलू गढ़ी स्कूल में प्रचार्या गैरहाजिर कम विद्यार्थी...


## खबर संक्षेप

### नई अनाजमंडी में रक्तदान शिविर कल

**गोहाना।** शहर की नई अनाज मंडी में 28 दिसंबर को सुबह 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक दुकान नंबर 57 पर ए.सी. बस में रक्तदान शिविर आयोजित होगा। मुख्य अतिथि अनाज मंडी की तीनों एसोसिएशनों के अध्यक्ष विनोद सहरावत, राजेंद्र कुंडू और मिंटू पहलवान होंगे।

### ट्रैक्टर में लगी आग, गांव के युवक पर आरोप

**खरखौदा।** जटोला में ट्रैक्टर में आग लग गई। ट्रैक्टर मालिक ने आग लगाने का आरोप गांव के युवक पर लगाया है। जटोला के रवि कांत ने बताया कि उसका ट्रैक्टर में खड़ा था। वह खेत में ही रहता है। जब वे अपने घर के अंदर थे, तो उन्हें टायरों के फटने की आवाज सुनाई दी। उन्होंने बाहर निकल कर देखा तो ट्रैक्टर में आग लगी हुई थी। जहां से उन्हें गांव के अमरजीत को भागते हुए देखा।

### जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रम आज

**सोनीपत।** एमएसएमई विकास एवं सुविधा कार्यालय करनाल की सहायक निदेशक मीनू धीमान ने बताया कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 27 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे जीवीएम गर्ल्स कॉलेज स्थित सभागार में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

### चोर घर से आभूषण और नकदी चोरी कर ले गए

**गोहाना।** शहर के विकास नगर में एक परिवार चुलकाना धाम पर पूजा करने गया था। इसका फायदा उठाकर चोर पीछे से घर में घुसकर आभूषण व 63 हजार रुपये चोरी कर ले गए। विकास नगर निवासी मोहित ने पुलिस को बताया कि वह रणबीर के मकान में किराये पर रहता है। वह 23 दिसंबर को मकान का ताला लगाकर चुलकाना धाम पर पूजा-अर्चना करने के लिए परिवार सहित गया था। पीछे से चोरों ने घर में सेंध लगाकर नकदी और गहने चोरी कर लिए।

### होटल की पार्किंग से कार चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत क्षेत्र में होटल की पार्किंग में खड़ी कार के चोरी होने का मामला सामने आया है। कार मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। सीतापुर हालत में सेक्टर-15 निवासी ललित कुमार ने बताया कि 24 दिसंबर को उसकी गाड़ी शाहजाहपुर पार्किंग में खड़ी जहां से उसे चोरी कर लिया गया।

### निर्माणाधीन मकान से मशीन और नकदी चोरी

**सोनीपत।** गांव अकबरपुर बारोटा में निर्माणाधीन मकान से मशीन व मंदिर से हजारों रुपये की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। अकबरपुर बारोटा की युवती ने बताया कि गत 24 दिसबंर को उसे मकान के साथ बने मंदिर व उसके साथ कृष्ण निवासी खेड़ी मनाजात के निर्माणाधीन मकान से मशीन चोरी हो गई। वहीं मंदिर से 50 से 60 हजार रुपये की राशि चोरी हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप व गहने चुराए

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर गांव कुमासपुर के पास स्थित होटल की पार्किंग में खड़ी कार का शीशा तोड़कर जेवरात, लैपटॉप सहित हजारों रुपये की राशि चोरी होने का मामला सामने आया है। सेक्टर-15 फरीदाबाद निवासी रविंद्र मलिक ने बताया कि वह परिवार सहित फरीदाबाद से पंचकूला जा रहा था। कार में पत्नी और बेटी भी थी। जब वह हल्दीराम होटल पर पहुंचे तो उन्होंने खाना खाने के लिए कार को रोक दिया।

# रात को सामान नहीं देने पर फास्ट फूड कॉर्नर संचालक के भतीजे को मार डाला

## हाल ही में आईटीआई में इंस्ट्रक्टर के पद पर चयनित हुआ था मृतक, ज्वाइनिंग से पहले हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत/खरखौदा

गांव गोरड में फास्ट फूड कार्नर संचालक के भतीजे की पीटकर व नुकीले हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। हमलावरो ने संचालक, उनके बेटे, भाई व दूसरे भतीजे को भी घायल कर दिया। हमलावरों ने देर रात फास्ट फूड कार्नर पर आकर सामान देने की मांग की थी। कारिंदे के मना करने पर उन्होंने सामान तोड़ डाला और जमकर उत्पात मचाया। साथ ही रात को कार्नर पर जा रहे संचालक व परिजनों पर हमला कर दिया। सूचना के बाद डीसीपी विजय सिंह, एसीपी नर सिंह व थाना प्रभारी सुनील कुमार की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस ने मामले में 12 आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव गोरड़ निवासी ओमकंवार ने खरखौदा थाना पुलिस को बताया कि वह गांव में ओम का ठिकाना नाम से गांव के बाहर फास्ट फूड कार्नर (रेस्टोरेंट) चलाते हैं। उनके रेस्टोरेंट पर उत्तर प्रदेश के गांव जलालपुर निवासी मोहित काम करते हैं। वह सोमवार रात को रेस्टोरेंट बंद कर घर चले गए थे। रात को मोहित अंदर सो रहा था। रात करीब साढ़े दस बजे मोहित ने फोन कर बताया कि दो युवक जबरदस्ती रेस्टोरेंट में घुस आए हैं। जिस पर वह अपने बेटे वीरेंद्र को लेकर मौके पर पहुंचे और वहां मौजूद आशु व कुनाल को समझाया, लेकिन वह कहने लगे कि उन्हें सुमित व अमित ने उन्हें भेजा है। अगर खाने का सामान नहीं दिया तो ठीक नहीं होगा। जिस पर उन्होंने रात अधिक होने की बात कहकर सामान देने से मना कर दिया और वापस घर आ गए। उसके आधा घंटा बाद मोहित ने फिर से कॉल कर बताया कि कई युवक जबरन रेस्टोरेंट में घुस आए हैं और तोड़फोड़ कर रहे हैं।

सूचना मिलते ही वह अपने बेटे वीरेंद्र व भतीजे धर्मेंद्र (30) के साथ कार लेकर रेस्टोरेंट के लिए चल पड़ा। जब वह रेस्टोरेंट से पहले भाई दलेल के घर के बाहर पहुंचे तो सामने से कार व बाइक पर आए युवकों ने उन्हें रोक लिया। शोर सुनकर घर के अंदर से दलेल व उनका बेटा विजय भी बाहर आ गए। इसी बीच आरोपी मोहित, उसके भाई सुमित व अमित के साथ ही अजय, मनिया, कुनाल, मनजीत, रवि, जतिन, रोहित, विजय व प्रवीन ने उन पर हमला कर दिया। ओमकंवार का आरोप है कि हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की बात कही।

उन पर किसी नुकीले हथियार से हमला कर दिया गया। जिसमें उनके भतीजे धर्मेंद्र, बेटे वीरेंद्र व भाई दलेल और भतीजे विजय को गंभीर चोट लगी। वह भी चोटिल हो गए। बाद में आरोपी उन्हें छोड़कर भाग गए। सभी घायलों को सोनीपत के निजी अस्पताल में लाया गया, जहां पर धर्मेंद्र की मौत हो गई। वीरेंद्र, विजय और दलेल गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने ओमकंवार की शिकायत पर 12 लोगों को नामजद कर हत्या, मारपीट व धमकी देने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। हमले में जान गंवाने वाले धर्मेंद्र वर्तमान में गुरुग्राम की मल्टी नेशनल कंपनी में काम करते थे। उनका आईटीआई में इंस्ट्रक्टर के पद पर चयन हो चुका था। हालांकि अभी उन्होंने नियुक्ति नहीं पाई थी।


खरखौदा। मौके पर जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

> **12 पर मामला दर्ज**
> ओमकंवार की शिकायत पर 12 आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले में गहनता से जांच की जा रही है।
> -**सुनील कुमार**, प्रभारी, थाना खरखौदा

### ऑनलाइन गेमिंग में जीते थे एक करोड़



धर्मेंद्र ने पिछले दिन ही ऑनलाइन गेमिंग में एक करोड़ रुपये की राशि जीती थी। जिसके चलते उन्हें टैक्स काटकर 70 लाख रुपये मिले थे। ग्रामीणों का कहना है कि वह काफी होनहार था। धर्मेंद्र की हत्या से परिवार में मातम का माहौल है।

**सीसीटीवी में तोड़फ़ोड़ करते दिख रहे संदिग्ध:** रेस्टोरेंट के अंदर सीसीटीवी लगा था। रात को दीवार फांदकर अंदर घुसने से लेकर कुंडी खोलने व अंदर तोड़फ़ोड़ करने की पूरी घटना सीसीटीवी में दिखाई दे रही है। संदिग्ध जमकर तोड़फ़ोड़ करते दिख रहे हैं। सिलिंडर फेंककर मारते दिख रहे हैं। जगह-जगह बिखरा खून व खून से सने कपड़े भी यह बताने के लिए काफी थे कि रात के अंधेरे में यहां पूरी हैवानियत की गई। रेस्टोरेंट से लेकर करीब 50 मीटर दूर तक तक खून के छींटे पड़े होने के साथ ही खून से सने कपड़े बिखरे हुए थे। एफएसएल की टीम ने मौके से उनके साथ ही चप्पल और चश्में भी अपने कब्जे में लिए हैं।

**आरोपित पक्ष के घर था जश्न का माहौल:** गांव गोरड में जिस परिवार के सदस्यों व रिश्तेदारों पर हत्या का आरोप लगा है, वह रात को जश्न मना रहे थे। उनके घर बेटे के जन्म की खुशी मनाई जा रही थी। रिश्तेदार उनके घर उपहार लेकर आए थे। रात को डीजे पर जमकर खुशी मनाई गई और रेस्टोरेंट में जाकर खाने के सामान को लेकर झगड़ा कर दिया। मल्टी नेशनल कंपनी में कार्यरत होने के साथ धर्मेंद्र अब बन चुका था इंस्ट्रक्टर धर्मेंद्र गांव का होनहार युवक था। अब वही अपने परिवार का मुखिया था। धर्मेंद्र के पिता और भाई की पहले ही मौत हो चुकी है। ऐसे में परिवार के पालन-पोषण की जिम्मेदारी धर्मेंद्र थी। धर्मेंद्र की मौत से उनके बेटे और बेटी के सिर पिता का साया उठ गया है। भाई की मौत के बाद उसके दो बच्चों व परिवार की जिम्मेदारी भी धर्मेंद्र पर ही थी। धर्मेंद्र वर्तमान में गुरुग्राम की मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत था। उनका चयन अब आईटीआई में इंस्ट्रक्टर के पद पर हुआ था। वह जल्द ही नियुक्ति पाने वाले थे।

### तीन लोगों ने युवक को डंडों से पीटा

**गोहाना।** शहर में सोनीपत रोड स्थित नई सब्जी मंडी में जन्मदिन पार्टी में चार लोगों में कहासुनी हो गई। तीन लोगों ने गांव बलि ब्राह्मणन के प्रदीप पर डंडे बरसाकर उसकी पिटाई कर दी। युवक को नागरिक अस्पताल गोहाना से बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। शहर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। प्रदीप ने पुलिस को बताया कि उत्तम नगर के देवा ने सब्जी मंडी में दुकान कर रखी है। देवा ने फोन करके उसे अपने बेटे की जन्मदिन पार्टी में बुलाय। वह दुकान पर पहुंचा तो तीन लोग मिले। पार्टी शुरू होने के बाद देवा और उसकी बहस हो गई। उसके बाद देवा व उसके दोस्तों ने डंडों से उसकी पिटाई कर दी। उसे जान से मारने की धमकी दी गई। वह मौका पाकर वहां से भाग गया। उसका मोबाइल भी टूट गया।

### ईंट मारकर युवक को किया घायल

खरखौदा। गोरड़ गांव में एक युवक ने दूसरे युवक को जान से मारने की धमकी देते हुए ईंट मार कर घायल कर दिया। विकास ने बताया कि शाम के समय वह अपने घर के बाहर खड़ा था। उसी समय उसके गांव का युवक मनजीत उसके घर के सामने आकर उसे गालियां देने लगा। जब उसने गाली देने से मना किया तो वह उसके साथ मारपीट करने लगा और गली में पड़ी ईंट उठाकर उसे फेंक कर मार दी। जिसके कारण व घायल हो गया। जाते-जाते वह उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पहले राशन देने से मना किया फिर पीटा

गोहाना। धनाना गांव में डिपो पर गए ग्रामीण को पहले राशन देने से मना किया गया। उसके बाद ग्रामीण और उसके भाई की पिटाई कर दी गई। ग्रामीण ने डिपो होल्डर और दो महिलाओं सहित चार लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया। इसको लेकर उसने बरोदा थाना में शिकायत दी, जिस पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। रिंढाणा गांव निवासी मौसम ने पुलिस को बताया कि वह 24 दिसंबर को गांव में पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम (पीडीएस) के तहत राशन खत्म होने के वजह से धनाना गांव स्थित राशन डिपो पर गया था, जिसका डिपो होल्डर राजू है। मौसम के अनुसार वह सुबह 8 बजे राशन डिपो पर पहुंचा और 2 बजे तक लाइन में लगा रहा। जब उसका नंबर आया तो डिपो होल्डर ने उसे राशन देने से मना कर दिया। आरोप है कि राजू ने उसके साथ गाली-गलौज की। उसके बाद वह और उसका भाई अमन दोबारा डिपो में राशन लेने के लिए गया। वहां उसने वीडियो बनाई तो डिपो होल्डर राजू और मशीन पर अंगूठा लगाने वाले व्यक्ति ने दोनों भाइयों से मारपीट की। इसके बाद उसके भाई का गला दबाने की कोशिश की। जब वह छु?वाने गला तो राजू ने उसके हाथ पर डंडा मारा।

# शिविर में 139 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शहर की सैनी चौपाल में जीवन ज्योति जन कल्याण समिति के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रेडक्रॉस दिल्ली से पहुंचे चिकित्सकों की टीम ने 139 यूनिट रक्त एकत्रित किया। उप तहसीलदार अशोक कुमार शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिविर में पहुंचे।

उन्होंने बैज लगाकर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। विशिष्ट अतिथि पवन खरखौदा ने कहा कि मनुष्य को 3 महीने में रक्तदान करना चाहिए। जिससे दोहरा लाभ मिलता है। स्वयं का खून गाढ़ा नहीं रहता, जिससे अटैक का खतरा कम होता है और किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाने के काम आता है। आयोजन समिति अध्यक्ष सितेंद्र दहिया ने कहा कि हमारी संस्था का प्रयास रहता है कि कोई भी संकटग्रस्त व्यक्ति रक्त की कमी के कारण प्राण न त्यागे। इस मौके पर सिद्धार्थ, प्रवेश, पवन कुमार, सुमित कुमार, साहिल तंवर, गौरव, कमल सैनी, उत्तम रंगा, हरीश, अजय पाराशर, जतिन, नितिन अन्य युवाओं ने आयोजन में सहयोग किया गया है।



# प्रकाशवंती सिंधवानी बनीं 989वीं नेत्रदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

रक्तदान-नेत्रदान-देहदान के लिए समर्पित संस्था आहुति ने 989वां नेत्रदान होली मोहल्ला निवासी प्रकाशवंती सिंधवानी (90) पत्नी स्व. राम प्रकाश सिंधवानी का करवाया। उनके नेत्र ग्रहण करने के लिए करनाल के माधव नेत्र बैंक की टीम पहुंची। प्रकाशवंती सिंधवानी लंबे समय से अस्वस्थ थीं। उन्होंने सुबह 7 बजे आखिरी सांस ली। उनके नेत्रदान की पहल उनके बेटे-बहू राजेंद्र सिंधवानी और इंद्रजीत कौर सिंधवानी, नरेंद्र सिंधवानी उर्फ आर्य और निर्मला सिंधवानी, पविंद्र सिंधवानी और हर्ष सिंधवानी के साथ बेटी-दामाद कुसुम और अशोक कुमार ने की। सिंधवानी परिवार की ओर से आहुति से नेत्रदान का आग्रह दिवंगत वृद्धा के पोते-सौरभ सिंधवानी और दीपक सिंधवानी ने किया।

### करनाल से आई टीम

करनाल के माधव नेत्र बैंक से राज कुमार अरोड़ा की टीम आई। आहुति की टीम बंटी हंस, राजेश बुद्धिराजा और हरीश बत्रा पर आधारित थी।

# आज सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की हड़ताल, ओपीडी सेवाएं रहेगी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आह्वान पर जिला नागरिक अस्पताल, सीएचसी व पीचएचसी में चिकित्सक आज ओपीडी सेवाओं को बंद रखेगें। चिकित्सक लगातार सरकार से अपनी मांगों को लेकर रोष-प्रदर्शन कर रहे है। जिसके चलते जिले में 27 दिसंबर को सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं बंद रहेगी। वहीं आपाताकालीन सेवाएं व पोस्टमार्टम सेवाएं चालू रहेगी।

अगर सरकार चिकित्सकों की मांगों को पूरा नहीं करती है, तो चिकित्सक 29 दिसंबर से हड़ताल पर चले जाएंगे। एसोसिएशन के जिला प्रधान डा. राहुल आंतिल व जिला प्रवक्ता डा. प्यारेलाल मलिक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञों के लिए अलग से कैडर बनाने की मांग की जा रही है। इसको सीएम की घोषणा में शामिल किया गया था। दो साल बीत जाने के बाद भी कुछ नहीं हुआ। एसो. की ओर से स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज को भी लिखित में दिया गया था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। जिसकी वजह से चिकित्सकों की मांगें लंबित है। उन्होंने बताया कि सर्विस में चिकित्सकों को जिस वक्त पीजी करने जाना होता है, तो एक-एक करोड़ रुपये के दो बांड भरने पड़ते है।

> **परेशानी नहीं होने देंगे**
> हड़ताल को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया दिया गया है। उच्च अधिकारियों को इस संबंध में फैसला लेना है। मरीजों के लिए चिकित्सकों की तैनाती को लेकर जिला स्वास्थ्य अधिकारी से बातचीत की जा रही है। किसी को कोई परेशानी नहीं होने दी जायेगी।
> -**डा. लोकवीर**, प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल सोनीपत



### मांगों को लेकर नर्सिंग अफसर दो घंटे हड़ताल पर रहेंगी

**सोनीपत।** जिले के नागरिक अस्पताल समेत सभी सरकारी अस्पतालों में 28 दिसंबर को नर्सिंग अधिकारी अपनी मांगों को लेकर दो घंटे तक हड़ताल रखेंगी। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक उनकी हड़ताल रहेगी। इस दौरान आपातकालीन कक्ष व प्रसूति वार्ड में अपनी सेवाएं निरंतर जारी रखेंगी। उन्होंने अस्पताल परिसर में उप सिविल सर्जन डा. योगेश गोयल को सिविल सर्जन के नाम ज्ञापन सौंपा और सरकार से लंबित मांगों को पूरा किए जाने की मांग की। पहले उन्होंने 15 से 20 दिसंबर तक रोज काले बिल्ले लगाकर काम किया था। नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन की सदस्य अंजूला, अंजू सैनी, सुमन सांगवान, मंजू सैनी, सरला, सुनीता व रिंकी ने बताया कि नर्सिंग अधिकारियों की ओर से लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य को ज्ञापन सौंपा जा चुका है।

### खड़े कैंटर में टकराई पिकअप हादसे में चालक की मौत

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर सड़क मार्ग पर खड़े कैंटर (टैंकर) में पिकअप गाड़ी टकराई गई। हादसे में पिकअप गाड़ी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।

भावल खेड़ शाहजनपुर हाल में खेड़ा विासी दानिश ने बताया कि वह हैयर ड्रेसर का काम करता है। उसके पिता मोहम्मद गत 15 साल से निजी कंपनी में चालक के तौर पर कार्यरत है। गत 25 दिसंबर को पिकअप गाड़ी में दिल्ली से बहालगढ़ के लिए चला था। उसे सूचना मिली कि उसके पिता का दिल्ली-पानीपत सड़क मार्ग पर राई के पास एक्सीडेंट हो गया है। हादसे की सूचना के बाद वह मौके पर पहुंचा।

# कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे बिजली कर्मचारी, आरोपितों को पकड़ने की मांग

**गन्नौर।** भांवर गांव में बिजली चोरी पकड़ने की गई टीम के साथ हुई मारपीट के विरोध में बिजली कर्मी मंगलवार को काम छोड़ कर गढ़ी झंझारा रोड स्थित ग्रामीण कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। धरने का हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन व हरियाणा कर्मचारी महासंघ ने भी समर्थन किया। कर्मचारियों के धरने पर बैठने की वजह से ग्रामीण कार्यालय का काम पूरी तरह से प्रभावित रहा। हरियाणा कर्मचारी महासंघ के सर्कल सचिव हरीश राणा ने बताया कि पिछले दिनों गांव भावर में जेई नीरज, जेई यशपाल, जेई महिपाल, जेई नरेंद्र, लाईनमैन जोगिंद्र, एएलएम आशीष, एएलएम अंकित, एएलएम सतीश, चालक मुकेश चैकिंग करने गए थे।

टीम ने मशरूम फार्म संचालक रोहित व राकेश को बिजली चोरी करते पकड़ा तो रोहित व राकेश ने 4-5 व्यक्तियों को बुला कर टीम के सदस्यों के साथ मारपीट की और उनके फोन भी छीन कर तोड़ दिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में गन्नौर थाना में मुकदमा दर्ज भी हो चुका है, लेकिन अभी तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया। यूनिट प्रधान राजेश मलिक ने कहा कि निगम के कर्मचारियों के साथ हुई इस तरह की घटना किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। सर्वकर्मचारी संघ के प्रधान नीरज मलिक ने कहा कि मारपीट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो बुधवार को शहरी कार्यालय के कर्मचारी भी काम छोड़ कर धरने पर बैठ जाएंगे। धरने को नेतृत्व जेई जोगेंद्र द्वारा किया गया। इस मौके पर दीपक कुमार, सुनील दत्त, नरेश कुमार, कपिल, कुलदीप, बिजेंद्र आदि मौजूद रहे।


गन्नौर। कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे बिजली कर्मचारी।

चौ० छोटूराम स्मारक समिति
चौधरी छोटूराम स्मारक समिति एवम् चौधरी छोटूराम संस्थान, सोनीपत के संस्थापक अध्यक्ष, प्रसिद्ध शिक्षाविद्
स्वर्गीय चौ० होशियार सिंह मलिक जी
की
पुण्यतिथि पर आयोजित
दीनबन्धु छोटूराम एवम्
चौ. होशियार सिंह मलिक जी की
मूर्ति-अनावरण समारोह
और
'दीनबन्धु छोटूराम की जीवनी' पुस्तक का लोकार्पण
शुक्रवार, 29 दिसम्बर, 2023, समय: 11 बजे प्रात:

चौ० छोटूराम जी

चौ० होशियार सिंह मलिक जी
मुख्य अतिथि:
माननीय चौ० भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी
पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष, हरियाणा

आयोजन स्थल:
छोटूराम धर्मशाला परिसर
गोहाना रोड, सोनीपत (हरियाणा)
इस अवसर पर आप सभी सादर सपरिवार आमन्त्रित हैं।
निवेदक
चौ० जयलाल मान
महासचिव
(M) 7056745527, 9896884930
चौ० युद्धवीर सिंह मलिक
आई.ए.एस. (से.नि.)
प्रधान

**खबर संक्षेप**



### पैक्स कर्मचारी आज करेंगे सीएम आवास का घेराव

**कुरुक्षेत्र।** मंगलवार को पैक्स कर्मचारी महासंघ हरियाणा के कर्मचारियों की एक बैठक शाहाबाद पैक्स में सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता कर्मचारी मंजीत सिंह ने की। बैठक के बाद हरियाणा सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों ने बुधवार को करनाल में मुख्यमंत्री का घेराव करने बारे कहा। मंजीत सिंह ने बताया कि हरियाणा में सभी पैक्स कर्मचारी सरकार की नीतियों से परेशान है और इससे पहले 19 दिसंबर को पंचकूला में हरियाणा के सभी पेक्स कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन किया था।

### चोरों ने सूने घर से चुराई 25 हजार की नकदी

**यमुनानगर।** शहर की सत्यम विहार जोगिंदर नगर कॉलोनी से चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 25 हजार रुपये की नकदी तथा चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य घर का ताला लगाकर सरहिंद पंजाब गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने के लिए गए थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नपा ने रादौर में चलाया विशेष सफाई अभियान

**रादौर।** नगरपालिका की ओर से मंगलवार को कस्बे में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नपा सचिव सुरेंद्र मलिक की देखरेख में कस्बे के कॉलेज रोड पर जेसीबी मशीन से सड़क किनारे पड़ी गंदगी की सफाई करवाई गई। नपा सचिव सुरेंद्र मलिक ने बताया कि कस्बे में गलियों व नालों की विशेष साफ-सफाई करवाई जा रही है।

### 80 पूडिया गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर के मनमोहन नगर एरिया से पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में मनमोहन नगर के रामचंद्र को 80 पूडिया गांजा सहित काबू किया है। अब पुलिस ने आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है।

### मादक पदार्थ के साथ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने भारत नगर काबड़ी रोड पर नशा तस्कर ओमपाल पुत्र खिलाराम निवासी गांव काबड़ी जिला पानीपत को 1 किलो 35 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी ओमपाल के खिलाफ थाना पुराना औद्योगिक में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

पिछले कई दिन से कंपकपाती ठंड ने जनजीवन किया अस्तव्यस्त

# घने कोहरे व शीतलहर से ठिठुरे लोग

मंगलवार को तीसरे दिन भी शीतलहर चलने और घना कोहरा छाए रहने से लोग ठंड में ठिठूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में पिछले कई दिन से शीतलहर चल रही है और घना कोहरा छाए रहने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। मंगलवार को तीसरे दिन भी अल सुबह से लेकर दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा। आलम यह रहा कि घना कोहरा छाए रहे व शीतलहर चलने से मौसम में बनी हाड़तोड़ ठंड़ ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। दोपहर बाद ही सूर्य देव के दर्शन हुए और लोगों ने धूप तापकर ठंड से राहत की सांस ली। वहीं, घना कोहरा पड़ने से जिले का तापमान गिरकर न्यूनतम मात्र छह डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।



**यमुनानगर।** मंगलवार को सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन।

**बाजारों में ग्राहकों की कम रही आवक**

पिछले कई दिन से पड़ रही ठंड की वजह से बाजारों में ग्राहकों की कमी दर्ज की गई है। मंगलवार को भी बाजारों में ग्राहक कम संख्या में पहुंचे। जिससे दुकानदारी ठंडी रही। दुकानदार विक्रांत, सुनील, अमित सैनी व विशाल आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से मौसम काफी खराब चल रहा है। जिसकी वजह से बाजारों से ग्राहकों की रौनक गायब है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जिले में जहां दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा, वहीं, दिन भर शीत लहर चलने से लोग घरों से बाहर नहीं निकले। कुछ ही ग्राहकों ने खरीददारी करने की हिम्मत जुटाई।

### घने कोहरे में वाहनों की हुई रफ्तार कम

मंगलवार अलसुबह तीन बजे से ही जिले में घना कोहरा छा गया था और शीतलहर चल रही थी। वहीं, दोपहर एक बजे तक आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलने से मौसम में हाड़तोड़ ठंड बनी रही। दोपहर एक बजे के बाद किसी तरह सूर्यदेव के आगे से धुंध के बादल छंटने लगे और हल्की-हल्की धूप निकली। धूप निकलने पर लोगों ने घरों से बाहर निकलकर किसी तरह अपने कामकाज निपटाए। मगर शाम चार बजे फिर से धूप गायब हो गई और लोग अपने गंतव्यों की रुख करने लगे। खास बात यह रही कि दोपहर तक जहां ट्रेने अपने निर्धारित समय से आधा से दो घंटा देरी से पहुंची। वहीं, बसों की रफ्तार भी धीमी रही और वह अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची।

### तापमान घटने से ठंड ने छुड़वाई कंपकपी

मंगलवार को मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से जिले का न्यूनतम तापमान घटकर न्यूनतम छह डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रह गया।

## कोहरे की चादर में लिपटा शहर, जनजीवन अस्त व्यस्त



**कुरुक्षेत्र।** आसमान में छाई कोहरे की चादर।

**कुरुक्षेत्र।** मंगलवार को दोपहर तक शीतलहर चलने के साथ ही घना कोहरा छाया रहा। इस कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शीतलहर चलने के कारण कड़ाके की सर्दी पड़ने से लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा। सुबह के समय लोग नींद से जागे तो उन्हें अंधेरे-सा अहसास हुआ। वाहन चालकों को दिन के समय भी हेडलाइट जलाना पड़ी। कोहरा इतना अधिक रहा कि आस-पास के मकान भी धुंधले दिखाई दे रहे थे। कपंकपाती सर्दी से बचने के लिए गलियों, चौराहों के साथ ही लोगों ने दुकानों के सामने अलाव जलाकर आग तापते रहे। सर्दी का प्रभाव इतना अधिक था कि गर्म कपड़े पहनने के बाद भी लोगों को ठंड से छुटकारा नहीं मिल पा रहा था। अलाव जला कर सर्दी से निजात पाने का प्रयास किया गया। ठंड के साथ धुंध लगातार बढ़ती जा रही है। हवा में ठिठुरन से हाड़ कंपाऊ ठंड से लोग परेशान हो रहे हैं। साथ पड़ रहा कोहरा भी कहर ढाने लगा है। सर्दी की अधिकता के चलते वाहन चालकों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि यह कोहरा किसानों के लिए फायदेमंद बताया जा रहा है। लेकिन दूसरी तरफ धुंध के चलते दृश्यता काफी कम रही। इसके चलते वाहनों की रफ्तार धीमी रही। सड़कों पर वाहन सवार लाइट जलाकर चलते नजर आए। दोपहर 12 बजे तक कोहरा छाया रहा। सुबह अपने कामकाज पर जाने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर, बाजारों में सुबह सर्दी के चलते दुकानें काफी देरी से खुली। दुकानदारों ने सुबह सर्दी से बचाव के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ा। वहीं सर्दी के प्रभाव को देखते हुए बाजारों में गर्म कंबलों, कोट, गर्म जैकेट, जर्सी की भी मांग बढ़ गई है। गौरतलब है कि कोहरे के चलते ठंडक बढ़ गई है। सुबह से समय लोग गर्म कपड़ों में लिपटे हुए दिखाई दिए। दोपहिया वाहन चालक जब अपने गंतव्य पर पहुंचे तो उनके कपड़ों पर भी कोहरा जम गया था। दोपहर 12 बजे कोहरा हटा और इसके बाद हलकी धूप निकली।



**इंद्री।** गांव मटकमाजरी के पास बन रहे निर्माणाधीन शौरूमो पर चलता पीला पंजा।

## योजनाकार विभाग की टीम ने चलाया पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

जिला योजनाकार विभाग की टीम ने मंगलवार को इंद्री में पहुंचकर अवैध रूप से बने निर्माणाधीन चार शोरूमों व एक अवैध कॉलोनी में बनी मकान की नींव को पीले पंजे की सहायता से ध्वस्त कर दिया। डीटीपी ओमप्रकाश व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर नगरपालिका इंद्री सचिव धर्मवीर भारी पुलिस बल के साथ इंद्री के मटक माजरी के पास खेड़ा रोड पर पहुंचे और वहां पर अवैध रूप से बनाए जा रहे तीन निर्माणाधीन शोरूमो को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया इसके बाद इन्ही शोरूमो के पीछे बनी एक अवैध कॉलोनी मे निर्माणाधीन मकान की नींव को भी तोड दिया। इस कार्यवाही के बाद डीटीपी अपनी टीम के साथ मुरादगढ रोड पर पहुंचे और वहां पर भी सड़क किनारे एक अवैध रूप से बन रहे निर्माणाधीन शौरूम को ध्वस्त कर दिया। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से इंद्री कस्बे के चारो तरफ धड़ल्ले से अवैध निर्माण का कार्य चल रहा था। जिला योजनाकार विभाग की इस कार्यवाही से अवैध रूप से निर्माण करने वाले लोगों में हडक़ंप मच गया। डीटीपी ओमप्रकाश ने लोगो से कहा कि वे अवैध कलोनियो मे प्लाट न खरीदे क्योकि अवैध कलोनियों मे इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी ।

### 528 नशीले कैप्सूल सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र के नौरंग तालाब से नशीले कैप्सूलों की तस्करी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी आशीष मल्होत्रा को काबू किया है। अब पुलिस ने उसे दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा तस्करी का कार्य करता है। इसके बाद पुलिस ने नौरंग राय तालाब के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 528 नशीले कैप्सूल बरामद हुए।

## पेयजल की पाइप न डाले जाने के कारण कॉलोनी वासियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

वार्ड नंबर सात स्थित बालाजी मंदिर वाली गली में पिछले कई वर्षों से पीने की पाइप ना डाले जाने के कारण कॉलोनी वासियों में प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। कॉलोनी वासी बार-बार संबंधित विभाग व प्रशासन को इसके बारे में अवगत करवा चुके हैं लेकिन उसके बावजूद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही गुस्साए कालोनी वासियों ने प्रशासन के खिलाफ कॉलोनी में एकत्रित होकर रोष प्रकट किया है।

नीरज कुमारी गणपति, किरण, आशा रानी, अमित, साहिल,पोली देवी, यश, गोल्डी नर्मिला व रविता आदि ने बताया कि उनकी कॉलोनी का ज्यादातर हिस्सा एप्रूव्ड हो चूका है। कॉलोनी में मात्र एक दो गालियां ही ऐसी है जो अनुप्रूड है। जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से पिछले दिनों इन कॉलोनी में पीने के पानी हेतु पाइप डाल दिया था। लेकिन बालाजी मंदिर वाली गली व इसके एक साथ लगती गली में पाइप नहीं डाला गया। इसके बारे में उन्होंने संबंधित विभाग से कई बार पत्र व्यवहार भी किया व सीएम विंडो के माध्यम से भी प्रदेश सरकार से आग्रह किया। लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक इन दोनों गलियों में पीने के पानी की पाइप डाली नहीं गई है।जिसके चलते इन दोनों गली के निवासियों को पानी की एक बाल्टी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।

## 400 करोड़ के कर्ज में डूबी शुगर मिल को अटैच करने आदेश

- विरोध में उतरी किसान यूनियनें, एसडीएम ऑफिस में धरने का ऐलान, फसल लोन के 35 करोड़ भी डकारने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- किसानों के 70 करोड़ फंसे

कर्ज में डूबी बनौंदी शुगर मिल को अटैच करने के आदेश जारी हो चुके हैं। अदालत के इन आदेशों के बाद वे किसान परेशान हैं जिनका करोड़ों रुपये का भुगतान मिल की ओर बकाया है। ऐसे में अब किसान मिल को अटैच करने के विरोध की तैयारी कर रही हैं। किसान यूनियनों ने बुधवार को एसडीएम ऑफिस के सामने धरने का ऐलान किया है। किसानों का कहना है कि अगर मिल कुर्क हो गई तो उनका बकाया भुगतान डूब जाएगा। किसान इन लंबित भुगतान के लिए धरने प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि कर्ज में डूबी मिल किसानों की इस पेमेंट का भुगतान नहीं कर पा रही है।



### 6000 किसानों का 70 करोड़ बकाया

बनौंदी शुगर मिल की ओर से 6000 से ज्यादा किसानों का करीब 70 करोड़ रुपये बकाया है। पिछले लंबे समय से

### फसल लोन के 35 लाख डकारे

2014 में राज्य सरकार की ओर से फसल लोन की योजना आई थीद्ध योजना के मुताबिक कोई भी गन्ना उत्पादक किसान शुगर मिल की गारंटी पर 3 लाख तक का क्रॉप लोन ले सकता है। इस योजना का फायदा शुगर मिल ने उठाया। उसने किसानों को बहला फुसलाकर 600 से अधिक किसानों के नाम पर दो बैंकों से 35 करोड़ से अधिक का लोन ले लिया।

**जेल की हवा खा रहे हैं मालिक**

चीनी मिल को डूबोने में काफी हद तक मालिक राहुल आनंद व सहयोगियों का भी हाथ है। आरोप है कि राहुल आनंद ने कई अलग-अलग कंपनियां बनाकर सहयोगियों के साथ मिलकर एनएसईएल में 122 करोड़ का घोटाला किया है। 3 साल पहले हरको बैंक के जीएम की शिकायत पर शहजादपुर पुलिस ने राहुल आनंद पर केस दर्ज किया था।

**400 करोड़ के कर्ज में डूबी मिल**

बनौंदी शुगर मिल 400 करोड़ के कर्ज में डूबी है। पता चला है कि मिल की ओर हरको बैंक के करीब 120 करोड़, इरेडा के 200 करोड़ व किसानों के 70 करोड़ की रकम बकाया है। मिल घाटे में होने की वजह से हर साल यह रकम बढ़ती है। बढ़ते कर्ज की वजह से मामला अदालत में चला गया। इसी वजह से अदालत ने मिल को कुर्क कर बकाया भुगतान के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष भी किसानों ने कुछ दिन हपले ही मिल की ओर किसानों के बकाया गन्ने के भुगतान का जिक्र किया था। तब मुख्यमंत्री ने कहा था कि शुगर मिल निजी है।

## चीनी मिल के कुर्क होने के लिए सरकार जिम्मेदार

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने राज्य सरकार पर बोला हमला

- पिछले 9 वर्षो से सरकार शुगरमिल पर आंख कान बंद करके बैठी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



बनौंदी शुगर मिल के अटैच होने को लेकर अब प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षो से सरकार शुगरमिल पर आंख कान बंद करके बैठी रही। किसान की जीवन रेखा पर कुर्की की नौबत आ गई। उन्होंने कहा कि 2014 में हाईकोर्ट में नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड ने केस दायर किया था जिसमें अन्य के अलावा नारायणगढ शुगरमिल मिल भी पक्षकार थी। सिविल रिट पिटीशन में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश को इस मामले में रिटायर्ड जस्टिस की अगुवाई में सुप्रीम कमेटी का गठन कर दिया था ।उन्होंने कहा कि सुप्रीम कमेटी ने अपने आदेश दिनांक 24 अगस्त 2023 को शुगर मिल की संपतियों को अटैच कर दिया। 30 सितंबर 2019 की एसडीओ सिविल शुगर मिल की सीईओ भी है ने कैन कमश्निर को पत्र लिख इस सारे मामले से अवगत करते हुए एडवोकेट जनरल से कानूनी सलाह लेने के लिए लिखा लेकिन सरकार ने आंखे मुंदे रखी। कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि यदि यह मिल कुर्क हो जाती है तो मिल से जुड़े लगभग 7 हजार किसानों को भारी नुकसान होगा।

## जरुरतमंदों को कंबल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सर्दी के मौसम से बचाव के लिए श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान एवं प्रमुख समाजसेवी सत्य प्रकाश गुप्ता ने अपने परिजनों के सहयोग से लाला हरि चंद रविंद्र कुमार चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से नई अनाज मंडी में सैकड़ों जरुरतमंदों को गर्म कंबल तथा गर्म कपड़े वितरित किए। सत्य प्रकाश गुप्ता के साथ विनय गुप्ता, शीशपाल सिंगला, हंस राज सिंगला प्रधान श्री कृष्ण कृपा गौशाला, राज कुमार मित्तल, अशोक गर्ग व अंशुल बंसल सदस्य कार्यकारिणी, राजेश सिंगला प्रदेश महासचिव अग्रवाल वैश्य समाज, कपिल मित्तल कोषाध्यक्ष श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत, हरविंद्र बंसल व चत्तर सिंह इत्यादि ने तीन सौ से अधिक लोगों को गर्म कंबल दिए। विनय गुप्ता ने बताया कि सत्य प्रकाश गुप्ता ने छोटे भाई स्वर्गीय रविन्द्र गुप्ता की स्मृति में उनकी पुण्यतिथि पर कंबल वितरित किए। इसके उपरांत विशाल भंडारे में सैंकड़ों लोगों को भोजन करवाया गया।

## हिंदू धर्म में सुंदरकांड पाठ का विशेष महत्व

- श्रीमहेश्वर हनुमान मंदिर सेक्टर 13 में सुंदर कांड पाठ का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** प्रभु श्रीराम का गुणगान करते हिंदू सिख एकता के प्रतीक बजरंगी सरदार कुलवंत सिंह भट्टी।

श्री महेश्वर हनुमान मंदिर सेक्टर 13 में श्री बजरंग बालाजी दरबार द्वारा सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से संगत पहुंची। इस दौरान हिंदू सिख एकता के प्रतीक बजरंगी सरदार कुलवंत सिंह भट्टी ने हनुमान जी की सुंदर झांकी प्रस्तुत की और प्रभु श्रीराम के भजन गाए। भट्टी ने कहा कि मेरे व मेरे परिवार पर हनुमान जी की अपार कृपा है। जो मुझे प्रभु श्रीराम की कृपा से हनुमानजी का रूप मिला हुआ है। हनुमान जी सदैव उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहते है। श्रीबजरंग बालाजी दरबार के संयोजक बजरंग दास ने कहा कि सुंदर कांड का पाठ करने से प्रभु श्रीराम जी की कृपा होती है। हिंदू धर्म में सुंदरकांड पाठ का विशेष महत्व होता है। मान्यताओं के अनुसार जो भी व्यक्ति नियमित अंतराल में घर पर सुंदरकांड का पाठ करता है उसे बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## करोड़ा अब स्ट्रीट लाइटों से जगमगाएगा : गोलन

- विधायक रणधीर गोलन ने 45 लाख रुपये से गांव करोड़ा में स्ट्रीट लाइटों का किया उद्घाटन

**पूंडरी।** विधायक रणधीर गोलन ने कहा कि हलके में करोड़ों रुपये की धनराशि से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। अब गांव में ही लोगों को शहर जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। रात के समय में जैसे लाइटों से शहर जगमग रहते हैं, वैसे ही इसी तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र भी लाईटों से जगमग होने लगे। यह सब हलके वासियों के आशीर्वाद से हो पाया है। विधायक रणधीर गोलन मंगलवार को गांव करोड़ा में 45 लाख रुपये की धनराशि से स्ट्रीट लाइटों का उद्घाटन करने उपरांत बोल रहे थे। गांव करोड़ा में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। विधायक रणधीर गोलन ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हलके में विकास कार्य मंजूर करवाए जा रहे हैं। लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाता है। ग्रामीण यदि सामुहिक मांगों को मेरे समक्ष रखते हैं तो उन्हें तुरंत मुख्यमंत्री मनोहर से मंजूर करवाया जाता है। पूंडरी हलके में बहुत से गांवों में सामुदायिक भवनों का निर्माण करवाया गया है तथा कई गांवों में सामुदायिक भवन पर कार्य चल रहा है। कहा कि बिजली, पानी, स्वास्थ्य व अन्य मूलभूत सेवाओं का लाभ ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में प्रदान किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि वास्तव में ही विधायक रणधीर गोलन का काम करवाने की क्षमता में कोई मुकाबला नहीं हैं। पूरे हरियाणा में एकमात्र पूण्डरी हल्का है जहां सबसे ज्यादा ग्रांट विधायक ने सरकार से लाने का काम किया।

### सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**जींद।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर मंगलवार को सफाई कर्मियों ने शहर में प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के जिला कार्यकारी प्रधान ईश्वर सिंह ने किया।

प्रदर्शन से पहले ग्रामीण सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए यूनियन के जिला सचिव पवन कुमार ने बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को जिला में अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को समय पर मानदेय नहीं दिया जा रहा है। बड़ी संख्या में जिले के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का अक्टूबर महीने का भी मानदेय जारी नहीं हुआ है जबकि अभी हाल में पंचायत विभाग की ओर से बकाया वेतन जारी करने का लेटर भी जारी हो चुका है। इस महंगाई में एक-एक दिन काटना मुश्किल हो रहा है लेकिन स्थानीय अधिकारी सफाई कर्मचारियों की कोई सुध नहीं ले रहे हैं। इसके इलावा ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के ईएसआई कार्ड आजतक जारी नहीं हुए हैं। जिला में कई ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मौत हो चुकी है लेकिन आजतक उसके परिवार को सरकार की तरफ से कोई मुआवजा नहीं मिला है।

## गणेशपुर में साहिबजादों के शहीदी दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूम न्यूज ▶▶| शहजादपुर

गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह व फतेह सिंह के धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए वीर बाल दिवस पर गांव गणेशपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरमेन राजेश कुमार लाडी ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि साहिब-ए-कमाल गुरू गोबिंद सिंह महाराज और माता गुजर कौर की शहीदी को कभी भुलाया नहीं जा सकता हैं। इस अवसर पर जिला परिषद.के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा भी मौजूद रहे। लाडी ने कहा कि यह हम सबकी जिम्मेवारी है कि हम साहिबजादों का जीवन संदेश हर बच्चे तक पहुंचाए, जिससे की बच्चे उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश का एक अच्छा नागरिक बन सकें।

## स्कूल शिक्षा के मंदिर, पढ़ने वाले समाज की अमूल्य धरोहर

- संत मनदीप दास ने एसडीएम के साथ स्कूली छात्रों को यूनिफोर्म वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** स्कूली छात्रों को यूनिफोर्म का वितरण करते संत मनदीप दास व एसडीएम बलविंद्र हांडा। फोटो :हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय सिरसगढ़ में यूनिफॉर्म वितरण समारोह का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संत मनदीप दास की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। समारोह में अति विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम बलविंदर सिंह हांडा व सरपंच रामनाथ मौजूद रहे । यहां अपने संबोधन में संत मनदीप दास ने कहा कि स्कूल शिक्षा के मंदिर है। इनमें पढ़ने वाले विद्यार्थी समाज की अमूल्य धरोहर हैं। संत मनदीप दास ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने भी शिक्षा के ऊपर जोर दिया है । साथ ही कहा की बच्चों को शिक्षा संबंधित जरूरतों का ख्याल रखना शिक्षकों के साथ समाज की भी जिम्मेदारी है इसलिए छात्रों की मदद करने से बेहद आत्मिक खुशी मिलती है।एसडीएम बलविंदर सिंह हांडा ने छात्रों को स्कूली वर्दी प्रदान करने पर संत मनदीप दास महाराज का आभार एवं धन्यवाद जताया । एसडीएम ने कहा कि संत मनदीप दास ने स्कूली छात्रों को जरुरत का सामान उपलब्ध करवाकर नेक काम किया है। उन्होंने दूसरे लोगों से भी ऐसी सेवा में अपनी आहुति देने की बात कही। इस मौके पर श्री गुरू रविदास धर्म अस्थान मंदिर सिरसगढ़ के प्रधान अमित मल , रमेश कुमार धीन एवं कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहें ।

खबर संक्षेप

## पार्टी को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया



**सोनीपत।** जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई इनसो की सोनीपत जिले की जिला कार्यकारिणी बैठक का आयोजन दीनबंधु छोटूराम विश्वविद्यालय में किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर इनसो जिला अध्यक्ष शुभम नैन ने शिरकत की। इनसो की बैठक में इनसो के आगामी सत्र को लेकर कार्यक्रमों पर चर्चा हुई व इनसो आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर जननायक जनता पार्टी को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया।

## शिविर में 73 लोगों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** आईएमए गोहाना के पूर्व अध्यक्ष डा. गजराज कौशिक ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। रक्तदान से लिवर से जुड़ी समस्याओं से राहत मिलती है। शरीर में आयरन की ज्यादा मात्रा लिवर पर दबाव डालती है और रक्तदान से इसका मात्रा संतुलित हो जाती है। उन्होंने यह बात सोमवार को परशुराम चौक में लगाए गए शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कही। भागराम ट्रस्ट द्वारा आयोजित शिविर में 73 लोगों ने रक्तदान किया। अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गंगनेजा ने की और संयोजन सुरेंद्र विश्वास का रहा।

## नौकरी का नियुक्ति पत्र और सहायता राशि सौंपी



**सोनीपत।** दिल्ली नगर निगम में कार्यरत कर्मचारी की सड़क हादसे में मृत्यु होने के बाद मंगलवार को दिल्ली सरकार के प्रतिनिधि और निगम मेयर परिवार के एक आश्रित को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र और सहायता राशि देने पहुंचीं। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता, दिल्ली मेयर शैली ओबेरॉय, डिप्टी मेयर मोहम्मद आले इकबाल और सदन के नेता मुकेश गोयल गांव मोहाना में पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम, जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## उधम सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**सोनीपत।** विश्वकर्मा चौक पर कार्यक्रम का आयोजन कर शहीद सरदार उधम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्षता अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण सभा के पूर्व जिला प्रधान भलेराम जांगड़ा ने की। इस मौके पर भलेराम जांगड़ा ने कहा कि शहीद राष्ट्र के धरोहर होते हैं। क्योंकि यह एक समाज के नहीं अपितु सर्व समाज के होते हैं। हमें सदैव शहीदों का मान-सम्मान करना चाहिये। कैप्टन ओमपाल सिंह, कलीराम मौजूद रहे।

### गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की वीरता को श्रद्धापूर्वक किया याद

# साहिबजादों के बलिदान और आदर्शों ने लोगों को दी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

## ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में मंगलवार को वीर बाल दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्यूमा सदन की तरफ से स्कूल में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की वीरता को याद किया गया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने अपने प्राणों का बलिदान देने वाले साहिबजादे जोरावर सिंह व फतेह सिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि करते हुए उन्हें नमन किया। इस मौके पर चेयरमैन सुधीर जैन ने बताया कि आज के ही दिन साहिबजादा जोरावर सिंह जी और साहिबजादा फतेह सिंह जी ने दीवार में जिंदा चुनवा दिए जाने के बाद शहादत प्राप्त की थी। इन दो महान हस्तियों ने धर्म के महान सिद्धांतों से विचलित होने के बजाय मौत को चुना। सीईओ संजय जैन ने कहा कि माता गुजरी, गुरु गोबिंद सिंह और चार साहिबजादों की बहादुरी और आदर्शों ने लाखों लोगों को ताकत दी। उन्होंने कभी अन्याय के आगे सिर नहीं झुकाया। अध्यापिका मीनाक्षी, महक, गीता राणा, नीरजा, किरण मौजूद रही।



ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में वीर बाल दिवस पर प्रार्थना प्रस्तुत करते छात्रगण।



विजेता विद्यार्थी प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा और उप प्राचार्य सूरत शर्मा के साथ।

### साहिबजादों की शहादत को किया नमन



**सोनीपत।** वीर बाल दिवस के मौके पर मंगलवार को गुड़मंडी स्थित हिंदू प्राइमरी स्कूल में गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को नमन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख डा. ओमप्रकाश आत्रेय ने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों की शहादत देश के इतिहास में बड़ा बलिदान है। इस मौके पर भाजपा के विधानसभा प्रभारी नवीन मंगला, नगर निगम वार्ड नंबर 15 के पार्षद अतुल जैन, महाराजा अग्रसेन मंडल के अध्यक्ष नरेश वर्मा, अजय गोयल प्रधान अनाज मंडी एसोसिएशन एवं हिंदू प्राइमरी स्कूल, सुरेश गुप्ता, प्रदीप बंसल, रमेश जैन, हिंदू प्राइमरी स्कूल के मुख्य अध्यापक अनिल खत्री आदि मौजूद रहे।

### गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड स्थित जवाहरलाल नेहरू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को शहीद उधम सिंह जयंती और गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों-साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की स्मृति में उनका शहादत दिवस मनाया गया। वीर बाल दिवस के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम में इन सभी देशभक्तों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया। कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन स्कूल की प्रबंधक कृष्णा देवी का रहा। संचालन एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने किया। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा और सह निदेशक राजकुमार का रहा। निर्णायक मंडल में शांति देवी एवं राजवीर सांगवान शामिल रहे। प्रतियोगिता में प्राइमरी विंग से प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः कक्षा प्रथम से प्रियांशी, नैंसी और हर्षिता, कक्षा द्वितीय से रौनक, हिरेन और तृषा, कक्षा तृतीय से वंशिका, इशिका और अभि, कक्षा चतुर्थ से आदित्य, अभिमन्यु और वंश मोर, कक्षा पंचम से अनिका मलिक, तनिष्का और परी रहे। इसी प्रकार से कला प्रतियोगिता में कक्षा तृतीय से रमन, तनिष्क और जतिन, कक्षा चतुर्थ से वंश, दिव्या और रविंद्र तथा कक्षा पंचम से अनिका, वंशिका और सिमरन, सीनियर वर्ग की निबन्ध प्रतियोगिता में जयंत कुमारी, दीक्षा और स्नेहा क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।



**गोहाना।** प्रतियोगिता में विजेता घोषित विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य वीरेंद्र सिंह मलिक। *फोटो : हरिभूमि*

## इंग्लिश डेक्लेमेशन प्रतियोगिता में तरंग सदन ने पाया अव्वल स्थान

- नालंदा इंटरनेशनल स्कूल में इंटर हाउस इंगलिश डेक्लेशन प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

नालंदा इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को इंटर हाउस इंगलिश डेक्लेमेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा 5वीं से कक्षा 9वीं तक प्रत्येक सदन से चार विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता स्कूल की एमडी रीना मलिक ने की और संयोजन प्राचार्य वीरेंद्र सिंह मलिक का रहा। इस प्रतियोगिता में कक्षा 5वीं और छठी वर्ग से आनंद सिंह प्रथम, प्रिया द्वितीय और मिनल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7वीं से कक्षा 8वीं तक के वर्ग में सनाया, अयान और दमन भारद्वाज जबकि कक्षा 9वीं वर्ग से अंशिका सिंह, युविका और दीक्षा क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में तरंग सदन ओवरआल विजेता रहा। अभिसार सदन द्वितीय और सोपान सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभ्य, कोमल और लक्ष्य को स्पीकर विद द डिफेंस पुरस्कार से नवाजा गया। प्रतियोगता के निर्णायक मंडल में नालंदा वर्ल्ड स्कूल की मुख्याध्यापिका अनुपमा चौधरी और शिक्षिका तनु लाठर शामिल रहे। मंच संचालन कक्षा 7वीं की छात्रा कोमल और विधि मलिक ने किया। विशेष योगदान शिक्षिका वंदना वर्मा, पायल और शालिनी का रहा।

### श्वेतांबर जैन स्थानक के मुकेश जैन बने प्रधान



**गन्नौर।** श्वेतांबर जैन सभा की बैठक रामकुमार जैन की अध्यक्षता में जैन स्थानक में हुई। जिसमें सुनील जैन (सिल्लू) ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया व सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें सर्वसम्मति से श्वेतांबर जैन स्थानक के मुकेश जैन गढी ाारा वाले को प्रधान नियुक्त किया गया। इस मौके पर साथ में नरेश जैन, कपिल जैन, अजय जैन, आशीष जैन, बृजेश जैन व समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिलाएं आज सुरक्षित नहीं: राजबाला

- इंडियन नेशनल लोकदल कार्यकार्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा

इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के जिला अध्यक्ष कृष्ण मलिक की अध्यक्षता में खरखौदा के विश्राम गृह में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें उचाना में 31दिसंबर को होने वाले महिला सम्मेलन को सफल बनाने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष राजबाला गहलावत ने कहा आजकल महिलाओं पर लगातार अत्याचार बढ़ रहे हैं। आए दिन अपहरण, बलात्कार जैसी घटनाएं सामने आ रही है। फलतः महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं।



**खरखौदा।** नवनियुक्त अध्यक्ष बिट्टू का स्वागत करते इनेलो नेता व कार्यकर्ता।

महिलाओं के हकों को सरकार ने दबा रखा है। इनेलो सरकार आने पर महिलाओं को 33% आरक्षण दिया जाएगा। हर घर में मुफ्त सिलेंडर दिया जाएगा और 1100 रुपए उनको भत्ता दिया जाएगा।

इस मौके पर कर्मचारी प्रकोष्ठ के नव नियुक्त अध्यक्ष बिट्टू राठधना का कार्यकताअरं ने फूल माला पहनकर स्वागत किया। इस मौके पर जिला कार्यकारी प्रधान अशोक कौशिक, हल्का खरखौदा के प्रधान भयराज दहिया, कुणाल गहलावत, विनोद चौहान, बलवान नंबरदार, कप्तान गहलावत, युवा जिला अध्यक्ष विकास मलिक, राजू देवी, जोरावर सिंह, करतार सिंह, महावीर सिंह, सुरेंद्र सुहाग, प्रेम सिंह मलिक, महेंद्र, रामगोपाल मलिक आदि मौजूद रहे।

## आयोध्या से आए अक्षत को हर घर वितरित किया जाएगा

**गोहाना।** अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के लिए विश्व हिंदू परिषद आयोध्या से आए अक्षत को घर-घर वितरित करने से पहले गोहाना में शोभायात्रा निकालेगा। मंगलवार को शहर में भगवान वाल्मीकी आश्रम में हुई बैठक में विभिन्न सगठनों के प्रतिनिधि आए और शोभायात्रा के लिए अपनी-अपनी जिमेदारी ली। शोभायात्रा 30 दिसंबर को भगवान वाल्मीकि आश्रम से शुरू होगी जो बरोदा रोड, पुरानी अनाजमंडी जींद रोड मुगलपुरा से होते हुए पुरानी सब्जी मंडी के मन्दिर तक जाएगी। शोभायात्रा में भगवान श्री राम के जीवन परिचय से संबंधित झाकियां होंगी। गोहाना भाग के सयोंजक राजेन्द्र गिरधर, सह सयोंजक डॉ. मनोज, अशोक लठवाल, गोहाना नगर के संयोजक कुलदीप मौजूद थे।

# गीता में हर दुविधा का हल: जैन

- चिटाना माता वाले मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

चिटाना माता वाले मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ बड़े धूमधाम से किया गया। आज सुबह काली माता मंदिर से महिला श्रद्धालुओं ने ढोल बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जो धोबी पाड़ा, सुनारों वाली गली, हलवाई हट्टा आदि विभिन्न जगहों से होते हुए वापिस कथा स्थल चिटाना माता वाले मंदिर में पहुंची। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन विशेष रूप से कलश यात्रा में शामिल हुई। अवसर पर वृन्दावन से पहुंचे कथावाचक स्वामी वैभव महाराज,, पार्षद हरि प्रकाश सैनी,



**सोनीपत।** कलश यात्रा में हिस्सा लेती पूर्व मंत्री कविता जैन एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

आयोजक अमित शौनक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर कविता जैन ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता में व्यक्ति की हर परेशानी व दुविधा का हल मिलता है। हिंदू धर्म में सभी ग्रंथों में सबसे श्रेष्ठ श्रीमद्भगवद्गीता मानी जाती है, क्योंकि इसमें व्यक्ति के जीवन का सार है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिए हैं और इन उपदेशों की मदद से भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को इस संसार का सत्य बताते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है। इस अवसर पर पंडित ब्रह्म प्रकाश शौनक, राजेश शौनक, महेश गोयल, तरुण गोयल, दिनेश कुच्छल, टाणु कुच्छल, सुजेश कुच्छल, आशुतोष, मनीष, विक्रांत आदि कृष्ण भक्त एवं सैंकड़ो महिलाएं उपस्थित रही।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के साथ विद्यार्थीगण। *फोटो : हरिभूमि*

### दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्रियां वितरित की

सोनीपत। गुरु सदन बड़वासनी स्थित रूरल नर्सिंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट हेल्थ एंड पैरामेडिकल साइंस में दीक्षांत समारोह और मानव सेवा संकल्प कार्यक्रम हुआ। बीएससी नर्सिंग करने वाले विद्यार्थियों को छटे दीक्षांत समारोह में डिग्रियां वितरित की गई। वहीं जीएनएम के 17वें और बीएससी नर्सिंग के 11वें बैच में एडमिशन लेने वाले छात्रों छात्राओं सेवा संकल्प दिलाया गया। समारोह में मुख्य तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, पीजीआई रोहतक प्रिंसिपल सुनीता अहलावत शामिल हुए। अध्यक्षता चेयरमैन मोनिका बंसल और प्रिंसिपल राजकुमारी रंजीता देवी ने की। विद्यार्थियों के लिए लैंप लाइटिंग सेरेमनी की गई। समारोह की शुरूआत संस्था संस्थापक स्व. नरेंद्र शूरा को श्रद्धांजलि देकर की गई। जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने कहा कि स्वास्थ्य हर किसी के जीवन में जरूरी है। चिकित्सा क्षेत्र सेवा का क्षेत्र है। अपना कोर्स पूरा करने वाले विद्यार्थी या कोर्स में दाखिला लेने वाले विद्यार्थी संकल्प लेने की वह अपनी इस कुशलता का प्रयोग समाज सेवा के लिए करेंगे और हर जरूरतमंद के इलाज के लिए तत्पर रहेंगे। चेयरमैन मोनिका ने कहा कि नर्सिंग सीधे तौर पर मानवता की सेवा का क्षेत्र है।

# 98 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

- शिविर में नाक, कान व गले संबंधी विभिन्न रोगों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा

गोपालपुर चौक के पास होशियार सिंह मैमोरियल अस्पताल में रोहतक से आए ईएनटी रोग विशेषज्ञ डा.नीरज अग्रवाल ने फ्री जांच कैंप लगाया। जिसमें नाक, कान व गले संबंधी विभिन्न रोगों की जांच की गई। इस दौरान 98 मरीजों की जांच की गई। जिसमें कान के पर्दे में छेद, गले में सूखापन, नाक की हड्डी बढ़ने से परेशानी के भी कई केस सामने आए। चिकित्सक नीरज अग्रवाल ने बताया कि कान के पर्दे में अगर कोई समस्या है और उसका समय पर इलाज नहीं कराया गया तो इंफेक्शन दिमाग व गले व चेहरे तक भी फैल सकता है। इसी तरह से जो लोग अक्सर मुंह से सांस लेते हैं, उन्हें भी नाक व गले संबंधी समस्या हो सकती है। जिससे फेफड़ों तक इंफेक्शन चला जाता है। कई बार नाक की परेशानी के कारण कान के पर्दे भी फट जाते हैं। इसलिए नाक से संबंधित बीमारी का जल्द से जल्द इलाज कराना चाहिए। कोरोना के बाद नाक व कान संबंधी बीमारियों के मामले अधिक सामने आ रहे हैं। इसलिए प्रदूषण से बचना चाहिए, ताकि एलर्जी से बचा जा सके। एलर्जी के कारण कई तरह की बीमारियां हो रही है जिसका बचाव जरूरी है।



**खरखौदा।** रोगियों की जांच करते चिकित्सक। *फोटो : हरिभूमि*




**गन्नौर।** प्लेसमेंट ड्राइव में मौजूद विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### प्लेसमेंट ड्राइव: 200 ने लिया हिस्सा, 112 का चयन

गन्नौर। जी टी रोड गन्नौर स्थित डीआईटीएम कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन हुआ। जिसमे प्रदेश के विभिन्न कालेज के 200 से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया। प्लेसमेंट ड्राइव मे कुएस कारपोरेशन लिमिटेड , एयरटेल, वोडाफोन और अलग अलग टेलीकॉम इंडस्ट्रीज ने भाग लिया और छात्रों का इंटरव्यू लिया। जिसमे 112 स्टूडेंट्स का सिलेक्शन हुआ। चयन के बाद मौके पर ही सभी छात्रों को ऑफर लेटर दिए। इस प्लेसमेंट ड्राइव में सोनीपत, मुरथल, पानीपत,करनाल, कुरुक्षेत्र, रोहतक, कुंडली आदि जगह पर छात्रों का चयन हुआ। इस मौके पर चेयरमैन संजीव कुमार ने स्टाफ की सराहना करते हुए छात्रों को मन लगाकर मेहनत करने के लिये प्रेरित किया। डायरेक्टर डा. अखिल जैन ने प्लेसमेंट ड्राइव की जानकारी देते हुए आभार व्यक्त किया। मौके पर डी आई टी एम कॉलेज के एडमिन ऑफिसर केतकी सागर, कॉलेज के अधिकारी आर पी भारद्वाज, असिस्टेंट प्रोफेसर अमन, डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर नीरज कुमार, बिहार एरिया के मार्केटिंग डायरेक्टर प्रवीन झा, महिवाल आदि मौजूद रहे।

### गैर-हाजिर मिले चिकित्सा अधिकारी को किया तलब

# डीसी ने पुरखास की पीएचसी का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

पुरखास के ग्रामीणों की खेल स्टेडियम की मांग को पूरा करवाने के उद्देश्य से उपायुक्त डा. मनोज कुमार बुधवार की सुबह स्वयं गांव में पहुंचे और जमीन की आवश्यकता को लेकर विस्तार से मंथन किया। साथ ही उन्होंने पीएचसी का भी औचक निरीक्षण किया, जिसमें गैर-हाजिर मिले चिकित्सा अधिकारी को उन्होंने अपने कार्यालय में उपस्थित होकर स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए। गांव के सरपंच ने खेल स्टेडियम के लिए जमीन देने की पेशकश की।



**गन्नौर।** पुरखास में खेल स्टेडियम बनाने के जमीन के मामले में उपायुक्त डा. मनोज कुमार अधिकारियों व ग्रामीणों से बातचीत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

किंतु खेल स्टेडियम तक रास्ते की चौड़ाई का तकनीकी मामला आ गया। ऐसे में उपायुक्त ने सरपंच से अन्य किसी स्थान पर जमीन देने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि एक रास्ता यह है कि उपलब्ध करवाई जा रही जमीन पर खेल स्टेडियम के लिए रास्ते चौड़ीकरण के लिए साथ लगती जमीन को कलैक्टर रेट पर खरीदने को भी तैयार हैं। यदि संबंधित किसान जमीन दें तो यहीं पर स्टेडियम का निर्माण करवा दिया जाएगा। पुरखास राठी के सरपंच ने गांव में दूसरे स्थान पर उपलब्ध जमीन की जानकारी भी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि साथ लगता गांव उन्हें खेल स्टेडियम के लिए जमीन देने को तैयार है, जिसके लिए बदले में वे अन्य स्थान पर संबंधित गांव को जमीन देने को राजी हैं। उपायुक्त ने कहा कि इसके लिए सरपंच को रिजोलूशन करके देना होगा। वे जमीन तबादले का केस बनाकर मुख्यालय प्रेषित कर देंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि यह कार्रवाई अति शीघ्र पूर्ण करें। इस मौके पर तहसीलदार मनोज कुमार, बीडीपीओ पूनम चंदा, सरपंच सुनील, कोच देवेंद्र दहिया व सुनील कुमार आदि अधिकारी-कर्मचारी तथा ग्रामीण मौजूद थे।

**दवाइयां उपलब्ध करवाएं**

उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने पीएचसी पुरखास का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पीएचसी में हर प्रकार की चिकित्सा सुविधाओं को जांचते हुए हाजिरी रजिस्टर की जांच की। मौके पर डेंटिस्ट सहित चिकित्सा अधिकारी गैर-हाजिर मिले। जांच के दौरान ही डेंटिस्ट कुछ देर उपरांत ही उपस्थित हो गए, उन्होंने चिकित्सा अधिकारी के संदर्भ में सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि वे उन्हें लेकर उनके कार्यालय में उपस्थित हों। उन्होंने स्टॉक रजिस्टर की भी गंभीरता से जांच की। उन्होंने संबंधित कर्मचारी को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से दवाओं की मांग भेजें ताकि समय पर उसे पूरा किया जा सके। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि जो दवाइयां उपलब्ध हैं वे ग्रामीणों को अवश्य उपलब्ध करवायें।



**गोहाना।** शहीद उधम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते नागरिक। *फोटो : हरिभूमि*

### शहीद उधम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

**गोहाना।** 3 मार्च 1940 को उधम सिंह ने लंदन में माइकल ओ डायर की हत्या जिस रिवॉल्वर से की थी, उसे वह बड़े सलीके से किताब में छुपा कर ले गए थे। यह खुलासा मंगलवार को आजाद हिंद देशभक्त मोर्चे के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने किया। उनके अनुसार यह हत्या 13 अप्रैल 1919 के जलियांवाला बाग सामूहिक नरसंहार का प्रतिशोध लेने के लिए की गई थी। उधम सिंह को 31 जुलाई 1940 को सूली पर टांगा गया था। डॉ. सुरेश सेतिया शहीद उधम सिंह की 122वीं जयंती पर उत्तम नगर में स्थित सैन भगत धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उधम सिंह का जन्म 26 दिसंबर 1899 को पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम गांव में हुआ। वह 1924 में गदर पार्टी से जुड़े थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैन सभा के अध्यक्ष डॉ. सुभाष सैन ने की। संचालन मेजबान मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह ढांगी ने किया। पार्षद राजेश सैन के साथ रमेश मेहता, राजपाल कश्यप, हरभगवान चोपड़ा, सतबीर पौड़िया आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### बॉल गेम में नवनीत व दृष्टि ने मारी बाजी

**खरखौदा।** सांपला मार्ग स्थित एपी गर्ग पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव के पहले दिन प्री प्राइमरी और प्राइमरी कक्षाओं के इंडोर खेल आयोजित किए गए। जिसमें एलकेजी कक्षा के बच्चों ने बैलेंस बॉल गेम में बॉल का बैलेंस बनाते हुए नवनीत व दृष्टि ने सबसे पहले बॉक्स में बॉल डालकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। थ्रो बाल में एलकेजी कक्षा के परिकल्प, पजल गेम में केजी के आलोक, पहली कक्षा के शिवांश ने प्रथम, लूडो में नीति, अवनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल की प्रधानाचार्या अल्का गर्ग ने बताया कि इंडोर गेम बच्चों में एकाग्रता बढ़ाने, मानसिक क्षमता व आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद करता है। प्राइमरी कक्षाओं में से खो खो के फाइनल के लिए टीमों का चयन किया गया।

### डीईओ ने खेड़ी गुज्जर व राजलू गढ़ी के स्कूल का औचक निरीक्षण किया

# राजलू गढ़ी स्कूल में प्रचार्या गैरहाजिर कम विद्यार्थी मिलने पर नाराजगी जताई



**गन्नौर।** खेड़ी गुज्जर राजकीय स्कूल में कोहरे में ही छात्रों से व्यवस्था को लेकर पूछताछ करते डीईओ नवीन गुलिया। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जिला शिक्षा अधिकारी ने मंगलवार को खेड़ी गुज्जर व गांव राजलू गढ़ी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। खेड़ी गुज्जर गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी सुबह 9 बजे ही औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। निरीक्षण के दौरान डीईओ नवीन गुलिया ने सबसे पहले पिछल्ले दिनों शिक्षकों के अनुपस्थित रहने के मामले में संज्ञान लिया। शिक्षकों का हाजरी रजिस्टर चैक किया। सभी शिक्षक उपस्थित मिले और सभी शिक्षकों का पिछल्ले तीन महीने के दौरान आन डयूटी रहने व अवकाश लेने वाले शिक्षकों का रिकार्ड प्रधानाचार्य से मांगा। निरीक्षण के दौरान करीब 3 घंटे तक डीईओ ने अध्यापक हाजिरी रजिस्टर, बच्चों के हाजिरी रजिस्टर, मिड डे मील से संबंधित रजिस्टर, सेट की परीक्षाओं संबंधी उत्तर पुस्तिका तथा विज्ञान प्रयोगशाला,अध्यापक डेली डायरी, स्मार्ट बोर्ड तथा अन्य साफ सफाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रों के हाजरी रजिस्टर पूरे न मिलने पर डीईओ ने शिक्षकों को लताड़ लगाई। मीड डे मील भी डीईओ ने छात्रों की उपस्थित संख्या कम मिलने पर शिक्षकों को आदेश दिए कि वे छात्रों की हर हाल में उपस्थित शत- प्रतिशत रखे।

#### ग्रामीण का हस्तक्षेप मिलने पर होगी कार्रवाई

डीईओ नवीन गुलिया ने चेताया कि अगर स्कूल के किसी शिक्षक का गांव के व्यक्ति द्वारा स्कूल में गलत हस्तक्षेत्र करने में पाया गया तो उक्त शिक्षक के खिलाफ व गांव का व्यक्ति नाजायज स्कूल में हस्तक्षेप कर पढ़ाई में बाधा डालता है तो उसकी जांच करवाने के बाद कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उनका प्रयास है कि राजकीय स्कूल के छात्रों को बेहतर शिक्षा मिले।

#### स्टाफ के हाजिरी रजिस्टर को जांचा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजलू गढ़ी में निरीक्षण के दौरान स्टाफ के हाजिरी रजिस्टर की जांच की। इस दौरान प्रधानाचार्या अनुपस्थित मिली। जांच में मिला कि प्रधानाचार्या ने अवकाश के लिए बीईओ को प्रार्थना पत्र दिया है। डीईओ ने बीईओ से बात कर अवकाश का पत्र जांच के लिए व्हाट्स्प पर मंगवाया। कमरों में जाकर देखा जब छात्रों की संख्या कम मिली तो नाराजगी जताई और कहा कि अगले नए सत्र से स्कूल में छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी मिलनी चाहिए। इसके अलावा डेली डायरी, विज्ञान प्रयोगशाला, स्मार्ट बोर्ड एवं सेट की परीक्षाओं संबंधी उत्तर पुस्तिकाओं का निरीक्षण किया गया।

#### चेकिंग जारी रहेगी

जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने बताया कि कमी मिलने पर जिम्मेदार शिक्षकों को कारण बताओं नोटिस, आगे भी चैकिंग जारी रहेगी। स्कूल में अनुपस्थित रहने, देरी से आने, कार्य में कमी मिलने पर तुरन्त कारण बताओं नोटिस जारी किया जाएगा। उनकी सभी स्कूल प्रधानाचार्य व स्टाफ को हिदायत है कि अगर व्यवस्था में कोई कमी है तो सभी सुधार लाए ताकि छात्रों की पढ़ाई बाधित न हो।

# जठेड़ी व सफीयाबाद में हुआ जनसंवाद कार्यक्रम



**राई।** विधायक मोहनलाल बड़ौली व युवा भाजपा नेता एवं जठेड़ी के सरपंच योगेश जठेड़ी शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार की सुबह गांव जठेड़ी व सफीयाबाद पहुंची, जहां राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने जनसंवाद कार्यक्रमों का शुभारंभ करते हुए लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान विधायक ने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले साहिबजादे जोरावर सिंह व फतेह की तस्वीर पर पुष्पांजलि करते हुए उन्हें नमन किया। विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल गरीबों के सच्चे मसीहा हैं। हरियाणा प्रदेश की मनोहर सरकार परिवार पहचान पत्र के जरिये अंत्योदय की भावना से जनसेवा का काम कर रही है। विधायक मोहनलाल बड़ौली ने गांव की महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत मुफ्त में गैस चूल्हे वितरित किए। मौके पर कुण्डली नगर पालिका की चेयरपर्सन शिमला देवी, परमजीत, विनोद बैरागी, नंद किशोर, गोपाल वर्मा, बीडीपीओ सुरेन्द्र कुमार आदि थे।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में सबसे तेज दौड़े वेदांत व विदित



**खरखौदा।** दौड़ में भाग लेते विद्यार्थी । फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

प्रताप सिंह मैमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा कक्षा तीसरी की वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्राचार्या दया दहिया ने दौड़ शुरू करवाकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। कक्षा तीसरी लोट्स से लड़कों की 100 मी रेस में वेदांत ने पहला, हिमांशु ने दूसरा, अर्नव ने तीसरा व रचित ने चौथा स्थान, लड़कों की वन लैग रेस में अर्नव ने पहला, व्योम ने दूसरा, वंश ने तीसरा, कृष व नैतिक ने चौथा स्थान, शू रेस में हिमांशु ने पहला, वेदांत ने दूसरा, व्योम ने तीसरा व जैविक ने चौथा स्थान, लड़कियों की 100 मी रेस में दीक्षि ने पहला, जैविका ने दूसरा, दीक्षा ने तीसरा व प्रतीक्षा ने चौथा स्थान, वन लैग रेस में तानिया, दीक्षि, दीक्षा व पनवी ने क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा व चौथा स्थान, शू रेस में दीक्षा, जैविका, दीक्षि व प्रतीक्षा ने क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा व चौथा स्थान, तीसरी लीली कक्षा से 100 मी रेस में विदित, दक्ष, वैभव व जतिन ने क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा व चौथा स्थान, वन लैग रेस में विदित, अयान, मयंक व भविष्य ने क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा व चौथा स्थान पर रहे।

## 100 मीटर दौड़ में सूरज ने मारी बाजी



**गोहाना।** गोहाना-महम मार्ग पर गांव मदीना में स्थित डीबीएम स्पेशल स्कूल में मंगलवार को दिव्यांग बच्चों की खेल प्रतियोगिताएं करवाई गई। खेलों में दिव्यांग बच्चों ने अपनी प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया। खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ स्कूल के एमडी विकास मलिक ने तुलसी पूजन के साथ किया। खेलोत्सव में दिव्यांग बच्चों ने रिंग प्ले, बॉल पासिंग, 100 मीटर रेस, हाई जम्प और लोंग जम्प में अपनी खेल प्रतिभा दिखाई। 100 मीटर की रेस में सूरज ने प्रथम और बादल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हाई जम्प में साहिल प्रथम और अंकुश द्वितीय रहे। एमडी विकास मलिक ने विजेता घोषित विशेष बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खेलोत्सव में विशेष विद्यार्थी बादल, सूरज, अंकुश, साक्षी, आयान, डिंकू, साहिल, प्रवीन, अंशुल, खुशी, विकास, सागर, अवनी, आदित्य और रवि सहित अन्य बच्चों ने प्रतिभागिता की। इस आयोजन में विजय प्रकाश तिवारी, सुरेन्द्र मलिक, प्रीति गिल, पूनम मलिक और ज्योति का योगदान रहा।

# 100 मीटर दौड़ में रूकसार रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मंगलवार को स्थानीय सुभाष स्टेडियम में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें सोनीपत ब्लॉक की महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान विभाग की पीओ ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए महिला प्रतिभागियों का हौंसला बढ़ाया और खेल प्रतियोगिताओं में विजेता महिलाओं को सम्मानित किया। ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में 250 महिलाओं ने भाग लिया।

इस दौरान आयोजित की गई 100 मीटर महिला दौड़ में रूकसार, 300 मीटर महिला दौड़ में गायत्री, 400 मीटर महिला दौड़ में अंजू, महिला चम्मच आलू दौड़ में लतिका, मटका दौड़ में मुकेश, 05 किलोमीटर साईकिल रेस में भूमि दहिया प्रथम रही। इस दौरान मुख्यातिथि ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी गीता गहलावत, सहायक संजीव कुमार, डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रदीप कुमार, पर्यवेक्षक अनीता सिंह, शीला देवी, सीमा, रेनू तथ मीनाक्षी उपस्थित रही।

## सूर्यांश ने जीता पदक



**गन्नौर।** अगवानपुर गांव सूर्यांश राठी ने सकफी राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में स्वर्ण व कांस्य पदक जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गोवा के कम्पाल इंडोर स्टेडियम में 23 से 24 दिसम्बर तक 11 वी सकफी राष्ट्रीय कराटे चेम्पियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रदेशों के करीब 750 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इसमें अगवानपुर गांव के सुर्यांश राठी ने गोवा की तरफ से कराटे प्रतियोगिता में हिस्सा हिस्सा लिया था। सुर्यांश ने अंडर-7 वर्ग में खेलते हुए गोल्ड व कांस्य पदक अपने नाम किया। सूर्यांश राठी के पिता हरीश कुमार राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान गोवा में तकनीकी अधिकारी के तौर पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपने की जीत पर गर्व का अनुभव हुआ है।

# विशेष दहिया ने बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण पदक



**सोनीपत।** सोनीपत। पदक दिखाते हुए विजेता विशेष दहिया एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में 21 दिसंबर से 24 दिसंबर 2023 तक नॉर्थ ईस्ट यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के विशेष दहिया ने 51 किलों भार वर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक जीता। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया हैं कि इस प्रतियोगिता में नॉर्थ ईस्ट जोन से 850 से भी ज्यादा बॉक्सरों ने भाग लिया। जिसमें विशेष दहिया ने फाइनल मुकाबले में पंजाब यूनिवर्सिटी के आशीष दहिया को 2-5 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी जीत के साथ विशेष दहिया व अन्य 6 बॉक्सर्स का ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के लिए चयन किया गया जो कि 2 जनवरी से 5 जनवरी 2024 तक चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आयोजित होगी।

ग्रेटर नोएडा में एलिट वूमेन सीनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन हों रहा है जिसमें +81 किलो भार वर्ग में लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी की रितिका दहिया ने प्री क्वार्टर में मुकाबले में हिमाचल प्रदेश की वंदना को व क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पंजाब की परवीन को हरा कर सेमीफाइनल मुकाबले में प्रवेश कर अपना पदक पक्का कर चुकी है। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने बॉक्सरों को बधाई दी।

#### युवा महोत्सव के लिए चयनित हुई माही

**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल के छात्रों ने मुरथल की दीनबन्धु छोटूराम विश्वविद्यालय में हुए युवा महोत्सव में विभिन्न श्रेणी में अपनी सफलता का प्रचम लहराया। कार्यक्रम में लोक नृत्य, लोक गीत, पोस्टर बनाना, कहानी लेखन, भाषण, फोटोग्राफी, लघु अभिव्यक्ति की प्रस्तुती दी। स्कूल की छात्रा का पंचकुला के इंद्रधनुष सभागार में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के लिए चयन हुआ है। स्कूल की 11वीं कक्षा की छात्रा माही जैन ने अंग्रेजी कहानी लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस सफलता का श्रेय स्कूल की सीनियर विंग की को-आर्डिनेटर और अंग्रेजी विभाग की प्रमुख शुचिस्मिता चक्रवर्ती को दिया है। छात्रा माही ने कहा कि यह शुचिस्मिता मैम की मेहनत और उचित मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि उसने यह स्थान हासिल किया। स्कूल के प्रधानाचार्य इंद्रनाथ सिन्हा ने शिक्षिका व मेधावी छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगे भी वे इसी तरह सफलता अर्जित करते रहें और स्कूल का नाम रोशन करे।

# विद्यार्थियों ने बनाया राम मंदिर का मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



रतनगढ़ माजरा स्थित सर छोटूराम स्कूल में भारत दर्षनम आनंद तरंग वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस वार्षिकोत्सव में राजबीर दहिया पूर्व चेयरमैन ऑफ मार्केट कमेटी बतौर मुख्य अतिथि पधारे। गेस्ट ऑफ ऑनर एडवोकेट कपिल राठी और अमित शर्मा रहे। स्कूल के चेयरमैन जगदीश लोहचब, वाइस चेयरमैन आशीष दहिया, प्रबंधक बिमला दहिया, प्राचार्य डॉ. मेहर सिंह आर्य व शिक्षकों ने सभी अतिथियों का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस वार्षिकोत्सव में लगभग 400 बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देकर देश के सभी राज्यों की संस्कृति को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडलों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिनमें बच्चों द्वारा बनाया गया राम मंदिर आकर्षण का केंद्र रहा। इस कार्यक्रम में

आसपास के गांवों के सरपंच और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी उपस्थिति दर्ज करवाई। मुख्य अतिथि राजबीर दहिया ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे हम एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं। उन्होंने छात्रों को देशभक्ति के लिए भी प्रेरित किया।

### पति पर लगाया जान से मारने का आरोप

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र स्थित ओमेक्स सिटी में महिला ने अपने पति पर मारपीट करने व गला दबाकर जान से मारने के प्रयास का आरोप लगाया है। बड़ौत यूपी निवासी पूजा ने बताया कि वह करीब आठ साल से ओमेक्स सिटी में रहती है। उसकी शादी वर्ष 2010 में गजेंद्र कुमार निवासी खेकड़ा यूपी के साथ हुई थी। गत 24 दिसंबर को सुबह करीब आठ बजे उसके पति पर उस पर हमला कर दिया। उसके साथ मारपीट करने लगा। उसका गला दबाने का प्रयास करने लगे। उसी दौरान वह नीचे गिर गया। घर वालों ने उसकी जान बचाई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### ड्यूटी पर निकला युवक संदिग्ध हालत में लापता

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में घर से ड्यूटी पर जाने के निकला युवक संदिग्ध हालत में लापता हो गया। युवक की मां ने पुलिस को शिकायत देकर अज्ञात पर बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। हाउसिंग बोर्ड एक्सेंटशन कॉलोनी निवासी अनीता ने बताया कि उसका पति चालक की नौकरी करता है। उसका बेटा आशीष उर्फ आशु जो मुरथल रोड पर फर्नीचर की दुकान पर काम करता है। गत 22 दिसंबर को सुबह घर से ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकला था। देर रात तक वापिस नहीं आया।

### श्वेतांबर जैन सभा के प्रधान बने मुकेश जैन

**सोनीपत।** श्वेतांबर जैन सभा की मीटिंग सोमवार को रामकुमार जैन की अध्यक्षता में जैन स्थानक गन्नौर मंडी में संपन्न हुई। जिसमें सुनील जैन (सिल्लू) ने अपनी पुरानी कार्यकारिणी के साथ इस्तीफा दिया व सर्वसम्मति से मुकेश जैन को प्रधान नियुक्त किया गया। मुकेश जैन ने कार्यालय में पदभार संभाला। इस दौरान नरेश जैन, कपिल जैन, अजय जैन मौजूद रहे।

### भीम बने अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष

सोनीपत। जेजेपी पार्टी के सुप्रीमो डॉ. अजय सिंह चौटाला, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रमेश खटक व प्रदेश प्रभारी प्रीतम कोलेखा के निदेर्शानुसार अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की जिला व हल्का स्तर की कार्यकारिणी घोषित की है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### साउथ प्वाइंट वर्ल्ड स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव

# नवरस पर विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

- वार्षिकोत्सव की शुरूआत गणेश वंदना व सरस्वती पूजन के साथ की
- विभिन्न गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया




**सोनीपत।** मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधिकारी को सम्मानित करते हुए ग्रुप चेयरमैन, वाइस चेयरमैन एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल, मुरथल, सोनीपत में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वार्षिक दिवस समारोह की थीम 'नवरस' पर विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां देकर सबको दंग कर दिया। वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने शिरकत की। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री व वाइस चेयरपर्सन सुनीरा खत्री ने मुख्यातिथि का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। सभी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

विद्यार्थियों ने वार्षिकोत्सव की शुरूआत गणेश वंदना व सरस्वती पूजन के साथ की। उसके बाद सभी नौ रसों पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। विद्यार्थियों की आकर्षक प्रस्तुति देख कर अतिथि मंत्रमुग्ध हो गए। मुख्यातिथि डीईओ नवीन गुलिया ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की जमकर प्रशंसा की। स्कूल की प्राचार्या सोनिया गौतम ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। ग्रैंड फिनाले के साथ समारोह का समापन किया गया। अंत में मुख्य अतिथि डीईओ नवीन गुलिया ने शिक्षा के साथ विभिन्न गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, वाइस चेयरपर्सन सुनीरा खत्री, सीईओ भावना कालरा, कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने मुख्यातिथि डीईओ नवीन गुलिया को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

# बधिर बच्चों को सिखाया आर्ट एंड क्राफ्ट का सामान बनाना



**सोनीपत।** बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट का सामान बनाना सिखाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत अरडेंट व सेफ इंडिया फाउंडेशन ने आज सोनीपत के मूक व बधीर बच्चों के श्रम व वाणी केंद्र में अबाइंडिंग इंस्टिट्यूट के अभिषेक गुप्ता व रेखा गुप्ता साथ मिलकर स्किल डेवलपमेंट के लिए आर्ट एन्ड क्राफ्ट का सामान बनाना सिखाया। बच्चों के हाथों सुंदर सुंदर सामान बनवाया गया।

निखिल चुघ ने बताया कि हमारी संस्थाओ का उद्देश्य इन बच्चों को काम सिखाकर आत्मनिर्भर बनाना है। संजय सिंगला ने बताया की सेफ इंडिया फाउंडेशन ने इस केंद्र को अडॉप्ट किया हुआ है और गोविन्द रसोई द्वारा राशन व अन्य जरूरत का सामान दिया जाता है। आज रोटरी अरडेंट क्लब द्वारा भी राशन दिया गया। कार्यक्रम की मीटिंग चेयरमैन रोजी खट्टर ने बच्चों को नई विधि बताया। रोटरी क्लब सोनीपत अरडेंट से संदीप आहूजा, डा. श्रुति, डा. मंजीत कौर, रोजी खट्टर, अतुल खट्टर, सेफ इंडिया फाउंडेशन से अविनाश सेठी व संचालक सविन्द्र व सारा स्टाफ मौजूद रहा।